तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 16 मार्च 2026

12 भविष्य की चिंता उपभोक्ताओं को खींच ला रही गैस एजेंसियों तक...



12 85 साल के बुजुर्ग ने परीक्षा देकर जलाई शिक्षा की लौ



## खबर संक्षेप

### फायर ब्रिगेड कार्यालय की बिजली केबल चोरी

**जींद।** फायर ब्रिगेड कार्यालय से बीती रात चोरों ने बिजली केबल को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फायर ब्रिगेड कर्मी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने फायर ब्रिगेड कार्यालय की लगभग 80 फूट बिजली केबल को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब कार्यालय की बिजली गुल हो गई। संदीप की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार ने मारी टक्कर आटो चालक घायल

**जींद।** सफीदों रोड ओवरब्रिज के निकट बाइपास पर तेजरफ्तार कार की टक्कर से आटो चालक घायल हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। झांज गेट निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आटो लेकर सफीदों रोड ओवरब्रिज के निकट बाईपास हाइवे से अप्रोच रोड की तरफ आ रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी ऑटो को टक्कर मार दी।

### रंजिशन हमला करने पर पांच नामजद

**जींद।** गांव अहिरका में कहासुनी के चलते पेचकस तथा दरांत से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अहिरका निवासी मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी मोहित से कहासुनी हो गई। जिस पर मोहित तथा उसके परिजनों ने उस पर पेचकस तथा दरांत से हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने उसे हमलावरों की चंगुल से छुड़वा कर अस्पताल पहुंचाया।

### शादी का झांसा देकर विधवा से किया दुष्कर्म

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी में अंबाला जिले की एक 30 साल की विधवा महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में आरोपी महिला ने आरोपी पर उसके अपने दोस्त के साथ संबंध बनाने के लिए भी मजबूर करने का भी आरोप लगाया। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि करीब 3 साल पहले उसके पति की मृत्यु हो गई थी और उसके दो बच्चे हैं। वह मजदूरी करने के लिए कैथल आई थी। जुलाई 2024 में उसकी पहचान कैथल निवासी दीपक से हुई, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। दीपक ने उसे शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## तीन डिग्री तक लुढ़का तापमान, चली ठंडी हवा

# हलकी बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से सहमे धरतीपुत्र

नरवाना उपमंडल के दर्जनभर गांवों में दोपहर बाद हुई हल्की बारिश और ओलावृष्टि

### मौसम के तेवरों से किसानों की सांसें अटक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार देर रात जींद के कई गांवों में हलकी बूंदाबांदी हुई तो रविवार दोपहर बाद नरवाना उपमंडल के दर्जनभर गांवों में हलकी बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों हलकान कर दिया। हालांकि ओलावृष्टि ज्यादा देर तक जारी नही रही। मौसम के तेवरों से किसानों की सांसें अटकी रही। ओलावृष्टि से फसलों को कुछ नुकसान भी हुआ है। बारिश तथा ओलावृष्टि से तापमान मे भी गिरावट दर्ज की गई है। हवा भी ठंडी रही। रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 54 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

### ओलावृष्टि के कारण हवा हुई ठंडी

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने शनिवार शाम को करवट ले ली थी। आकाश में बादलवाई भी बनी हुई थी। जींद के कई गांवों में देर रात को बिल्कुल हलकी बूंदाबांदी हुई। वहीं नरवाना इलाके में भी रात को हल्की बूदाबादी भी हुई। रविवार दोपहर बाद नरवाना के इलाके में मौसम ने करवट ली और दर्जनभर गांवों में हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। हालांकि ओलावृष्टि ज्यादा देर जारी नही रही लेकिन हवा काफी ठंडी हो गई। जिसके चलते तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। पूर्व में तापमान 35 डिग्री को पार कर गया था।





जींद। बारिश के साथ गिरे ओले।

### किसान को फसल खराब होने का डर सताता रहा

रविवार दोपहर बाद नरवाना इलाके में मौसम ने करवट ली और बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। भले ही ओलावृष्टि कुछ देर चली हो लेकिन कुछ गांव में ज्यादा ही हुई है। ओलावृष्टि से किसान सहम उठे। किसानों को भय सताता रहा कि कहीं मौसम उनकी तैयार फसलों को बरबाद न कर दे। हालांकि कुछ स्थानों पर फसलों को नुकसान भी हुआ है।

### इन गांवों में हुई बारिश के साथ ओलावृष्टि

जिन गांव में ओलावृष्टि हुई उनमें गांव बेलरखां, धमतान सहिब, खरल, उझाना, दातासिंहवाला, हमीरगढ़, रसीदां, कालवन, गढ़ी, नेपावाला, हथो पीपलथा व आसपास के गावं शामिल हैं। किसानो को कहना है कि सरसों की कटाई चली हुई है। गेहूं पक कर तैयार हो रही है। जिस पर पौधे पर ओला लगा है, वह खराब हो जाएगा। ओलावृष्टि से थोड़ा बहुत नुकसान तो हुआ है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते मौसम ने करवट ली है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। आगे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। किसान मौसम पर नजर बनाए रखें।

### कमालपुर माइनर टूटने से बड़सीकरी गांव की गेहूं की फसल जलमग्न

**कलायत।** कलायत क्षेत्र में कमालपुर माइनर टूटने से बड़सीकरी गांव के बड़े कृषि रकबे में गेहूं की खड़ी फसल जल मग्न है। पिछले काफी समय से किसान सिंचाई संसाधनों की समुचित रूप से सफाई व रिपेयर की मांग करते आ रहे थे। किसानों के अनुसार माइनर टूटने के कारण करीब 60 से 70 एकड़ कृषि भूमि में जलभराव हो गया। इससे गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई और किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। अनवर, जगदीश, पाला राम, रणधीर, सुरेश समेत कई अन्य किसानों ने बताया कि माइनर के टूटने से तेज बहाव के साथ पानी खेतों में घुस गया। पानी का दबाव इतना अधिक था कि गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह गिरकर जमीन पर फैल गई। किसानों का कहना है कि वे लगातार माइनर के कट को बंद करने का प्रयास करते रहे। पानी का बहाव तेज होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। किसानों के अनुसार इस घटना से लगभग 60 से 70 एकड़ में लगी गेहूं की फसल में जलभराव हो गया है। खेतों में पानी भरने के कारण फसल जमीन पर बिस्तर की तरह बिछ गई है। जिससे उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ने की आशंका है। यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो नुकसान और बढ़ सकता है। किसानों ने इस स्थिति के लिए सिंचाई विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि माइनर की समय पर सफाई और देखभाल नहीं की गई। किसानों के मुताबिक वे पिछले कई दिनों से सिंचाई विभाग के अधिकारियों को माइनर की मरम्मत और देखभाल करने के लिए कहते आ रहे थे। उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभाग की अनदेखी का खामियाजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है।



### बेमौसमी बारिश और तेज हवा से गेहूं की फसल बिछी

**राजौंद।** क्षेत्र में हुई मौसमी बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि करीब छह महीने की कड़ी मेहनत और खून-पसीने से तैयार की गई फसल को मौसम की मार ने पल भर में बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार को दोपहर बाद क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई गांवों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पकने की स्थिति में थी और बालियां भी निकल चुकी थीं। कुछ ही दिनों में कटाई का कार्य शुरू होने वाला था, लेकिन अचानक आई तेज हवा और बारिश के कारण फसल जमीन पर लेट गई। गेहूं की फसल जमीन पर गिर जाती है तो इससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। खेतों में पानी भरने और फसल के गिरने से दाने कमजोर हो जाते हैं और कटाई करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई किसानों ने बताया कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो फसल में और ज्यादा नुकसान होने की संभावना है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि फसल को तैयार करने के लिए उन्होंने खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च किया है।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर में राजकुमार भोला सम्मानित

- धोखाधड़ी से बचने के लिए उपभोक्ताओं का जागरूक होना जरूरी : राजकुमार भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में उपभोक्ता जागरूकता को समर्पित एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया सीसीआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजकुमार भोला ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे भविष्य में भी उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा तथा जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे उचित मंच पर अपनी शिकायत दर्ज कर अपने अधिकारों की रक्षा करें। जागरूक उपभोक्ता ही एक मजबूत और पारदर्शी बाजार व्यवस्था की आधारशिला है। इस अवसर पर सीसीआई के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनंत शर्मा ने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत और स्वस्थ अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक जागरूक एवं सशक्त उपभोक्ता समाज के निर्माण का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत नैशनल कंज्यूमर हेल्प लाइन पर दर्ज करा सकता है।

## चालक से मारपीट कर कार को किया आग के हवाले, मामला दर्ज

**कैथल।** शहर के सिरटा रोड पर शनिवार देर रात एक कार में आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने पहले कार चालक का पीछा किया, फिर गाड़ी रुकवाकर उससे मारपीट की और बाद में कार में आग लगा दी। जानकारी अनुसार कार चालक से पहले रास्ते में एक बाइक को टक्कर लग गई थी। इसके बाद दो युवक स्कूटी पर सवार होकर उसका पीछा करते हुए सिरटा रोड तक पहुंच गए। यहां उन्होंने कार को रुकवाया और चालक के साथ मारपीट की। इसके बाद युवकों ने कार में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम और सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। सिटी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर गीता ने बताया कि फिलहाल इस मामले को लेकर पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



कैथल। सिरटा रोड पर जलती कार।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सीआरएसयू जींद रहा द्वितीय

प्रतियोगिता में 142 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में 10 से 14 मार्च तक सत्यभामा इंस्टिट्यूट साइंस एंड टेक्नोलॉजी चेन्नई में आयोजित 39वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रिएटिव कोरियोग्राफी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देशभर के 142 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल के बीच सीआरएसयू की टीम ने अपनी प्रभावशाली और सृजनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से निर्णायकों और दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।



जींद। सीआरएसयू की दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम।

विश्वविद्यालय की टीम ने अंधविश्वास विषय पर आधारित एक सशक्त और विचारोत्तेजक प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में समाज में व्याप्त अंधविश्वास और उसके दुष्परिणामों को अत्यंत संवेदनशील एवं प्रभावी ढंग से मंचित किया गया। प्रस्तुति में चर्चित बुराड़ी घटना से प्रेरित प्रसंगों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अंधविश्वास व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इस प्रस्तुति में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाए रचनात्मकता और मेहनत के बल पर यह सिद्ध किया है कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपार क्षमता रखती है।

## 32 जोड़ों ने एक साथ लिया सात जन्मों में बंधने का संकल्प

- बेटियों को आर्शीर्वाद देने के लिए संत, नेता, समाजसेवी पहुंचे
- साक्षी बने हजारों लोग खुशी से झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्जुन स्टेडियम में रविवार को एक साथ 32 जोड़ो ने सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प लिया। इन 32 जोड़ों के विवाह समारोह के साक्षी हजारों लोग बने। करीब 500 जरूरतमंद कन्याओं का पहले विवाह करा चुकी युवा मित्र मंडल जींद संस्था के तत्वावधान में अर्जुन स्टेडियम में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में बेटियों को आशीर्वाद देने के लिए नेता और अनेकों समाज सेवी अतिथि के तौर पर पहुंचे।

समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि रूद्राक्ष मिड्ढा, हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता पवन गर्ग, राजेंद्र सैनी, राजू लखीना, डा. रजनीश जैन सहित अन्य प्रबुद्धों ने विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की।

सामूहिक विवाह समारोह के पंडाल में जहां एक मंच पर दूल्हा, दुल्हन बैठे थे तो दूसरी तरफ मायका और बाराती पक्ष के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। संस्था के प्रधान पवन सिंगला, उपप्रधान सोनू जैन और सदस्य अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ व्यवस्था बनाने के लिए पसीना निकाल रहे थे। रूद्राक्ष ने इस अवसर पर कहा कि सामूहिक विवाह दहेज मुक्त, जाति भेद मुक्त हिन्दुस्तान बनाने का रास्ता हैं। इस समारोह के मार्फत जो बेटियां विवाह बंधन में बंधी हैं, वे बेहद ही सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि जींद की धरा पर युवा मित्र मंडल जींद हर वर्ष बेटियों के हित में जो सराहनीय कार्य करती है उसकी दूर-दूर तक प्रशंसा होती है। ऐसी संस्थाओं का समाज की मजबूती में अहम रोल होता है।




जींद। सामुहिक विवाह समारोह के मंच पर बैठे जोड़ों के बीच पहुंचे हुए अतिथि।

### सामूहिक विवाह में झूमे बाराती

नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बेटियों के हित में अनेको योजनाएं चलाई हुई है। इसलिए ऐसी योजनाओं का जरूरतमंद परिवार जरूर लाभ ले। समाज सेवी पवन गर्ग ने इस सामूहिक विवाह समारोह में सहयोग के तौर पर एक लाख की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जरूरमंदों का सहयोग करने वाली संस्थाओं को हमेशा सम्मान मिलता है। जींद की जनता पुण्य कमाने की सोच रखते हुए इस तरह के सराहनीय समारोह करती हैं। नारी को सम्मान देने का जो काम युवा मित्र मंडल जींद ने किया हैं, वह बड़ा ही सराहनीय हैं। क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों में जरूरतमंद युवक व युवतियां अपने सपनों को साकार करते हुए विवाह बंधन में बंधते हैं। समारोह में जब ढोल, नगाड़े और डीजे बजे। बारतियों ने झूम कर खुशी मनाई। भोजन की व्यवस्था के लिए भव्य पंडाल लगाया गया था। युवा मित्र मंडल प्रधान पवन सिंगला और उपप्रधान सोनू जैन ने कहा कि 2011 में 11 कन्याओं की शादी कराने का जो सिलसिला शुरू किया था।

## नंदू गैंग से जुड़े दौ और आरोपी किए गिरफ्तार

- पहले 3 आरोपियों से मिले थे हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने फिरौती, सुपारी किलिंग, जमीन कब्जा और अवैध हथियार सप्लाई करने वाली नंदू गैंग से जुड़े दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले शुक्रवार को 3 आरोपियों को दो देसी पिस्तौल, चार मैगजीन और 15 जिंदा कारतूस के साथ काबू किया गया था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पुंडरी से फरल रोड स्थित सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास कार्रवाई करते हुए गांव नैना निवासी करण उर्फ अंकुश, सौरभ उर्फ बाबा व गांव जलमाणा (जिला करनाल) निवासी सुमित उर्फ सिमी को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान आरोपी करण के कब्जे से 32 बोर की देसी पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस, सौरभ से 32 बोर की देसी पिस्तौल व 5 जिंदा कारतूस और सुमित से दो मैगजीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गैंग लीडर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और उसके सहयोगी साहिल के कहने पर गैंग के अन्य सदस्यों से हथियार लेकर वारदात के बाद आगे पहुंचाने का काम करते हैं। शुरूआती जांच में में सामने आया है कि नंदू गैंग दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में फिरौती, सुपारी किलिंग, जमीन कब्जा और अवैध हथियार सप्लाई जैसी गतिविधियों में शामिल रही है।

### जिले में 2404 विद्यार्थियों ने लेवल 1 की परीक्षा में भाग लिया, 159 विद्यार्थी उत्तीर्ण

# हरियाणा सुपर 100 के तहत लेवल वन का परीक्षा परिणाम घोषित

- हरियाणा सुपर 100 कैंपस कुरुक्षेत्र में होगी लेवल टू की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सुपर 100 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए आयोजित लेवल 1 प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। लेवल 1 की परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की गई थी। परीक्षा का स्वरूप आब्जेक्टिव आधारित रहा था। जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे व परीक्षा 200 अंकों की थी। प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग लागू की गई थी।

परीक्षा में गणित विषय से संबंधित प्रश्न शामिल थे। जिले में 3333 में से 2404 विद्यार्थियों ने लेवल 1 की परीक्षा में भाग लिया था और जिले के 159 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। लेवल 1 में सफल विद्यार्थियों को लेवल 2 चयन प्रक्रिया के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस कुरुक्षेत्र में आमंत्रित किया जाएगा। इस चरण में विद्यार्थियों को तीन दिनों के विशेष रेजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण में रखा जाएगा। जहां उन्हें विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाया जाएगा। इसके पश्चात उनका मूल्यांकन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद चयनित विद्यार्थियों को निशुल्क जेईई व नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि सुपर 100 की शुरुआत 2018 में शिक्षा विभाग व विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से की गई थी। इस योजना के अंतर्गत अबतक 100 से अधिक विद्यार्थियों का चयन आइआइटी में हो चुका है। वहीं 119 से अधिक विद्यार्थी एनआइटी व अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में और लगभग 80 विद्यार्थी एम्स विभिन्न सरकारी मेडिकल कालेजों में चयनित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुपर 100 योजना का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन व उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए सक्षम बनाना है।

### 159 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुएः रणधीर सिंह

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान ने बताया कि जिले में 3333 में से 2404 विद्यार्थियों ने लेवल 1 की परीक्षा में भाग लिया था और जिले के 159 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। सुपर 100 योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन व उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए सक्षम बनाना है।




### कैथल के 134 विद्यार्थी लेवल-2 के लिए चयनित

**कैथल।** शिक्षा विभाग की हरियाणा सुपर-100 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए आयोजित लेवल-1 प्रवेश परीक्षा का परिणाम रविवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा में जिले के 134 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर लेवल-2 के लिए क्वालिफाई किया। बता दें कि यह परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेशभर के ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई थी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रदेश में कुल 178 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। घोषित परिणाम के अनुसार प्रदेशभर में 2113 विद्यार्थी लेवल-2 के लिए चयनित हुए। जबकि करीब 650 विद्यार्थियों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। डीईओ सुभाष कुमार ने बताया कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सुपर-100 योजना आर्थिक रूप से साधारण परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को जेईई व नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी का अवसर प्रदान करती है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रतिभा लगातार निखर रही है और 134 विद्यार्थियों का चयन होना शिक्षा की बढ़ती गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से लेवल-2 चयन प्रक्रिया के लिए पूरी मेहनत से तैयारी करने का आह्वान किया। लेवल-1 में सफल विद्यार्थियों को हरियाणा सुपर-100 कैंपस कुरुक्षेत्र में 3 दिन के रेजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।








## गुजरी महल

अबीर- हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान-ए-आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# लोक संस्कृति के प्रहरी थे महाशय पालेराम

**महाशय पालेराम की यह खासियत थी कि वे मंच पर केवल गाते नहीं थे, बल्कि अभिनय, हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों पर प्रहार भी करते थे। इस प्रकार वे मनोरंजन के साथ-साथ समाज सुधार का कार्य भी करते थे। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वे श्रोताओं के मानस पटल पर ऐसी छाप छोड़ते थे, जो लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती थी।**



कलाकार

**रामबीर सिंह 'राम'**



हरियाणा की धरती सदैव से वीरों, संतों और लोककलाकारों की जन्मभूमि रही है। इस मिट्टी की खुशबू में जहां शौर्य की गाथाएं रची-बसी हैं, वहीं लोकगीतों की मधुर धुनें भी इसकी आत्मा को जीवंत बनाए रखती हैं। इसी समृद्ध लोकपरंपरा के एक उज्ज्वल नक्षत्र थे महाशय पालेराम। महाशय पालेराम का जन्म 15 मार्च 1954 को हरियाणा के सोनीपत जिले के ऐतिहासिक गांव हलालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम चंदराम और माता का नाम किशनी देवी था।

उनका मूल नाम धर्मपाल था, परंतु स्नेहवश लोग उन्हें 'पाले' कहकर पुकारते थे। कालांतर में यही नाम उनकी पहचान बन गया। बचपन से ही उनके मन में संगीत के प्रति गहरी ललक थी। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े पालेराम के जीवन में लोकगीतों, भजनों और रागनियों का वातावरण स्वाभाविक रूप से मौजूद था। गांव की चौपालों, मेलों और धार्मिक आयोजनों में गूंजने वाले भजनों और रागनियों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। संगीत के प्रति विशेष अभिरुचि के कारण उनका मन पढ़ाई में कम ही लगता था, इसलिए उन्होंने आठवीं कक्षा में ही स्कूल छोड़ दिया। पढ़ाई छोड़ने के उपरांत उन्होंने अपने पिता के कार्यों में हाथ बंटाना आरम्भ कर दिया। उन दिनों हलालपुर में जाने-माने गायक बलबीर सिंह के बहुत कार्यक्रम होते थे। जब भी बलबीर सिंह का उनके गांव में आगमन होता, बालक पालेराम का अधिकांश समय उन्हीं के साथ व्यतीत होता। बालक पालेराम के संगीत प्रेम को देखकर बलबीर सिंह ने उन्हें अपना शिष्य बना लिया। इसके बाद पालेराम ने काफी समय तक अपने गुरु के प्रति श्रद्धावनत हो पूर्ण समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण की और संगीत की गहराइयों को आत्मसात किया।

उनका ध्येय मात्र एक लोकगायक बनना नहीं, वरन् एक लोकसाधक बनना था, जिसे कालांतर में उन्होंने बखूबी सिद्ध किया। तदुपरान्त पालेराम ने सन् 1973 में अपनी मंडली बनाकर गायन की शुरुआत की। उनकी गायकी में हरियाणवी बोली की मिठास, लोकजीवन की सादगी और भावनाओं की गहराई स्पष्ट झलकती थी। वे सामाजिक विषयों को भी अपने गीतों में प्रमुखता से स्थान देते थे। उनके गीतों में नैतिकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का संदेश विद्यमान होता था। इन विशेषताओं के साथ-साथ उनकी हास्य कला अद्भुत थी। इसी कारण वे शीघ्र ही हरियाणा के मूर्धन्य लोक गायकों की श्रेणी में शामिल हो गए। उनके मंच पर आते ही श्रोताओं के चेहरे खिल उठते थे। जब वे रागनी गाते थे, तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर आनंद से झूमने लगते थे। उनकी यह खासियत थी कि वे मंच पर केवल गाते नहीं थे, बल्कि अभिनय, हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों पर प्रहार भी करते थे। इस प्रकार वे मनोरंजन के साथ-साथ समाज सुधार का कार्य भी करते थे। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वे श्रोताओं के मानस पटल पर ऐसी छाप छोड़ते थे, जो लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती थी। उनके पास गायन की सम्मोहक शैली का नायाब जादू था।

उनकी डोल्ली और उनके अंगों की विशिष्ट थिरकन के लोग दीवाने थे। यही कारण है कि उनकी कला ने न केवल जनमानस का मनोरंजन किया, बल्कि लोक संस्कृति को भी समृद्ध किया। धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता हरियाणा की सीमाओं को लांघकर पड़ोसी राज्यों तक फैलने लगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के अनेक स्थानों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां भी वे गाते, वहां जनसैलाब उमड़ पड़ता था। उनकी गायकी में लोकसंस्कृति की शुद्धता और गरिमा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती थी। वे हमेशा शुद्ध हरियाणवी रागनियां गाते थे और कभी भी फूहड़ या अश्लील गीतों का सहारा नहीं लेते थे। उनका मानना था कि लोकसंगीत समाज का दर्पण होता है और इसे मर्यादित रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वे अक्सर कहा करते थे कि ऐसे गीत गाने चाहिए जिन्हें पूरा परिवार एक साथ बैठकर सुन सके। इसी कारण उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी भी अश्लील गीत नहीं गाए और इस प्रवृत्ति का खुलकर विरोध भी किया। उनके अनुसार कलाकार का कर्तव्य केवल तालियां बटोरना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी होता है। हरियाणवी रागनी गायन की परंपरा के उस स्वर्णिम काल में अनेक सिद्धहस्त कलाकार अपनी कला का परचम लहरा रहे थे। राजकिशन अगवानपुरिया, मास्टर सतबीर भैंसवालिया, जगबीर कारोरिया, बाऊराम, ब्रह्मानंद, चंदन, बाली शर्मा, रमेश कलावड़िया तथा रणबीर बडवसनिया जैसे अनेक प्रतिष्ठित नाम उस समय रागनी मंच को आलोकित कर रहे थे। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों के मध्य महाशय पालेराम दहिया ने भी अपने असाधारण गायन कौशल और सशक्त प्रस्तुति के बल पर विशिष्ट पहचान स्थापित की। इन सभी ख्याति प्राप्त फनकारों के साथ उनके अनेक रंगकाट मुकाबले हुए, जिनमें उन्होंने कई बार अपनी कला की विजय पताका फहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यद्यपि उनके मुकाबले लगभग प्रत्येक कलाकार के साथ अत्यंत सफल और लोकप्रिय होते थे, तथापि मास्टर सतबीर भैंसवालिया के साथ उनकी जोड़ी विशेष रूप से दर्शकों के हृदय में बस गई थी। यह अद्वितीय संगति लगभग चार दशकों तक निरंतर मंचों पर अपना जलवा दिखाकर श्रोताओं को रोमांचित करती रही। वह समय ऐसा था, जब उनके प्रशंसकों के बीच इस जोड़ी की लोकप्रियता चरमोत्कर्ष पर थी। ग्रामीण अंचलों में लोग अपने बच्चों के विवाह जैसे शुभ अवसरों पर इनके कार्यक्रम को अनिवार्य मानते थे। इतना ही नहीं, यदि नियत तिथि पर यह युगल उपलब्ध न हो पाता, तो अनेक परिवार अपने बच्चों के विवाह की तिथि तक परिवर्तित कर देते थे, ताकि इन दोनों महान लोकगायकों की सुरमयी प्रस्तुति उनके उत्सव को गौरवान्वित कर सके। महाशय पालेराम के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि उन्होंने कभी धन को अपनी प्राथमिकता नहीं बनाया। जो भी मान-सम्मान और पारिश्रमिक उन्हें मिलता, उसे वे सहज भाव से स्वीकार कर लेते थे। उनका मानना था कि "कला को बेचा नहीं जाता, कला का प्रचार किया जाता है।" इस विचारधारा के कारण वे लोकसंगीत के क्षेत्र में एक आदर्श कलाकार के रूप में देखे जाते थे। उन्होंने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अनेक मंदिरों, चौपालों और गोशालाओं के निर्माण के लिए चंदा एकत्रित करवाया।

उनके प्रयासों से कई सामाजिक और धार्मिक कार्यों को बल मिला। वे मानते थे कि कलाकार का दायित्व केवल मंच तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे समाज के कल्याण में भी योगदान देना चाहिए। उनके अनुसार हरियाणा लोकगायन परंपरा केवल एक कला नहीं, बल्कि सामाजिक परिष्कार का माध्यम है। महाशय पालेराम ने इस परंपरा को जीवित रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गांव-गांव जाकर कार्यक्रम करते थे और लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ते थे। महाशय पालेराम ने लोक गायकी के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक संदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाया। उनके द्वारा गाई गई अनेक रागनियां जैसे- हे मानव शुभ कर्म कर्या कर, तेरी काशीजी का रूल, गंगाजी तेरे खेत मैं, तेरी महारानी कै बेटा होग्या, बादल झुकरे बिज्जल पाटैं, साधु सैं घरबारी कोन्या, गिण कै दे लिए बोल, सिर मैं भड़क आंख मैं पाणी, सारी नगरी हे मां मेरी सो रही री- उस दौर की भांति आज भी हरियाणवी लोक संगीत प्रेमियों के बीच उतनी ही लोकप्रिय हैं। उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से भी हरियाणा की लोककला को व्यापक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके गाए गीतों के दौर ने हरियाणवी संगीत के प्रसार को एक नई दिशा और गति प्रदान की थी।

उन्होंने एक लोकगायक के रूप में 15,000 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी। लोक गायन और हरियाणवी लोकसंस्कृति में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए 1 नवंबर 2010 को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित "फौजी जाट मेहर सिंह अवार्ड" से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और समर्पित कलात्मक जीवन की सार्वजनिक स्वीकृति थी। इस पुरस्कार ने उनके योगदान को और अधिक प्रतिष्ठा प्रदान की। "हंसना-हंसाना ही जीवन है" फलसफे के पैरोकार महाशय पालेराम 24 मई 2023 को सदा के लिए हरिचरणों में लीन हो गए। उनका जाना केवल एक व्यक्ति का अवसान नहीं था, बल्कि एक युग का अंत था। उनके साथ हरियाणवी लोकगायकी की एक सशक्त आवाज मौन हो गई। किंतु आज भी हरियाणा सहित उत्तर भारत के अनेक राज्यों के गांवों की चौपालों, मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों में जब उनके भजन-रागनियों का उल्लेख होता है, तो लोग श्रद्धा और गर्व के साथ उनका नाम लेते हैं। उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन शैली श्रोताओं के दिलों में आज भी जीवित है। उनके भजन-रागनी सदैव लोगों की स्मृतियों में रचे-बसे रहेंगे।

लोकप्रियता अक्सर कलाकार को अहंकार की ओर ले जाती है, लेकिन पालेराम का व्यक्तित्व इससे परे था। वे सरल, विनम्र और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी वाणी में मधुरता थी और व्यवहार में अपनापन। उनके सुर, उनकी शैली, उनकी सादगी और उनका व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने हरियाणा की लोकसंस्कृति को जो ऊंचाई दी, वह सदैव इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। वर्तमान में महाशय पालेराम की इस गौरवशाली एवं समृद्ध सांगीतिक परंपरा को उनके शिष्य नरेन्द्र खरकरामजी, राजेश हाथी, अमित रोहणा, मनदीप मलिक लाख, महेंद्र छारा, धर्मबीर लोवा और सुनील कुमार हलालपुर आदि पूर्ण निष्ठा, समर्पण और आदरभाव के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। वे अपने पूज्य गुरुजी की सादगी, सुरों की मधुरता और लोकसंस्कृति के प्रति समर्पित भाव को आत्मसात करते हुए रागनी गायन की उस अमूल्य धरोहर को निरंतर जीवंत बनाए हुए हैं। इस प्रकार वे न केवल अपने गुरुजी की स्मृतियों को सजीव रखे हुए हैं, बल्कि हरियाणवी लोकसंगीत की उस प्रतिष्ठित परंपरा को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

**लोक गायन और हरियाणवी लोकसंस्कृति में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए 1 नवंबर 2010 को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित "फौजी जाट मेहर सिंह अवार्ड" से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और समर्पित कलात्मक जीवन की सार्वजनिक स्वीकृति थी।**

---

व्यंग्य **पूजा गुप्ता**



## तड़के का फड़का

आजकल बड़ा ट्रेंड चला है इंस्टाग्राम और यूट्यूब में। फलाने -ढिकाने के चैनल चल पड़े हैं। 'बिना तेल-मसाले के कैसे पकौड़े बनायें', 'सिर्फ दो चीजों से कैसे टेस्टी नाश्ता बनायें' वगैरह-वगैरह। लहसुन के दाम में सुरसा सी महंगाई, इनके बिना भोजन जैसे 'भैरो बाबा का भंडारा।' दावे भी अजब-गजब हैं इन चैनल वालियों के। एक आंटी अपने एक वीडियो में दावा कर रही थी कि 'बिना बेले पूड़िया कैसे तलें!' ये सुनकर दिमाग चकरा गया।

एक दीदी तो एक ग्लास दूध से आधा किलो बर्फी बनाने की बात कर रही थी। मतलब मिठाइयों की दुनिया में इससे बड़ी क्रांति हो ही नहीं सकती थी। एक वीडियो वाली दीदी ने तो हद ही कर दी। 'बिना पनीर के कैसे पनीर की सब्जी बनायें।' मतलब इस दीदी के आगे पीसी सरकार भी फेल। मैंने भी दीदी को पदवी दे ही डाली, 'रसोई के रंग, मंथरा दीदी के संग।' एक दिन एक अनजान नंबर से फोन आया कि कृपया लाइक और सब्सक्राइब करें हमारा फूड चैनल.. ! 'स्वादलोलुप कक्की का चौका।'

उसके तुरन्त बाद उसी नंबर से फोन आया तो पता चला कि गांव की 'गप्पी काकी' ने यह चैनल बनाया है। ये वही 'गप्पी काकी' हैं जिनके गप्पे के चलते सास उन्हें सिखाते-सिखाते परलोक सिधार गयीं लेकिन रोटी गोल बेलना नहीं सिखा पायीं। इससे बढ़िया तो घर के तड़के की बात अलग है। जो एक बूंद सरसों के तेल में साबूत लाल मिर्च जलाती है अम्मा, और खंसवा-खंसवा कर हमारी अंतड़ियां मुंह के रास्ते निकलवा देती है। उसके अलौकिक तड़के के सामने सब कुछ फेल ही है। सब कुछ देखने-सुनने के बाद यही निष्कर्ष निकला कि सचमुच 'टीवी वाली दीदी, आंटी की थाली से बेहतर अपनी 'अम्मा की गाली और थाली' ही बेहतर है।

---

कविता **मनजीत सिंह**



## अपणा कर्म अपणे आगे

जैसी करणी वैसी भरनी, ये जग का साचा फेरा,
आज बोया सै जो तू, कल काटेगा वो ढेरा,
झूठ की चादर ओढ़ ले चाहे, साच रहै ना हारा,
समय आवे जब हिसाब का, खुल ज्या सारा पसारा।

जीते जी जो बूंद ना दे, प्यासे नै इक घूंट,
मरणे पाछे भोग धरावै, करै दिखावे लूट,
मां-बाप नै तज कै बैठा, जग मैं बनै सयाणा,
ओही बालक कल देखिये, तेरै तै मुँह फेर जाणा।

सगे-संबंधी हाल ना पूछें, जब तक साँस चलै,
दुख की घड़ी मैं दूर खड़े, ना कोई पास मिलै,
मरणे पाछे रोवण लागें, करैं आँसू का नाटक,
मन मैं रत्ती भर दुख ना, बस दिखावे का झटका।

गाँव-गली मैं नाम कमावै, ऊँची-ऊँची बात,
भीतर सै खोखला होवै, झूठी उसकी जात,
कीकर बो कै आम की आस, कैसी ये अंधियाणी,
जैसी धरती वैसा फल दे, ये प्रकृति की कहानी।

कहै मन का साचा दरपन, कर्मां तै मत भाग,
आज नहीं तो काल सही, मिले कर्म का भाग,
तेर-मेर का झगड़ा छोड़ दे, सबका लेखा-जोखा,
ऊपर बैठा देख रह्या सै, ना कोई उसका धोखा।

हर घर की अजब कहानी, हर जीव का अलग फेरा,
पर न्याय की डोरी मजबूत सै, मनजीत ना टूटे ये घेरा,
जैसी करणी वैसी भरनी, मान ले बात सयाणी,
कर्म बिना ना छूटे कोई, यही सै सच्ची बाणी।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

शासन

**15 अगस्त 1857 को भीषण युद्ध में कई क्रान्तिकारी वीरगति को प्राप्त हुए, अंग्रेज सेना के भी काफी सैनिक हताहत हुए**

# खरखौदा में भी लड़ा गया था अंग्रेजों से रक्त रंजित युद्ध



इतिहास **यशपाल गुलिया**

वर्ष 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान हरियाणा क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय युद्ध लड़े गए थे। जैसे सिरसा जिले के ओढा कस्बा और वैरिका गांव, हिसार में मंगाली गांव और बल्ला गांव में, रोहतक, नारनौल व मेवात क्षेत्र में युद्ध लड़े गए।

उसी अवधि में सोनीपत के कस्बे खरखौदा में भी 15 अगस्त 1857 को एक रक्त रंजित युद्ध हुआ था। यह पंजाब कवैलरी नामक बटालियन के बागी रिसलदार बिसारत अली के नेतृत्व में लड़ा गया था। संग्राम के दौरान अंग्रेजों की विशाल सेना दिल्ली की रिज पर डेरा डाले हुए थी। अंग्रेज सेना दिल्ली पर फिर से अधिकार प्राप्त करने के लिए चार मास तक प्रयास करती रही थी। उस मुख्य अंग्रेज सेना को हरियाणा की तरफ से पीछे से आक्रमण होने का खतरा बना रहा था, जिसके लिए अंग्रेज बार-बार दिल्ली को रिज से सैनिक टुकडी भेजकर सेनानियों पर आक्रमण करते थे। उसी क्रम में दिल्ली रिज पर स्थित अंग्रेजों ने खरखौदा में एक सेना भेजी थी। दरअसल, उनको समाचार मिला था कि प्रथम पंजाब कवैलरी के बहुत से बागी घुड़सवार खरखौदा में इकट्ठे हो चुके हैं। तब अंग्रेजों ने दिल्ली से विलियम हड़सन के नेतृत्व में एक उपयुक्त सेना 14 अगस्त 1857 को भेजी। अंग्रेजों द्वारा उस संकलित सेना में 25 सैनिक जीन्द राजा के थे। सेनानियों ने भी उपयुक्त तैयारी कर ली थी, जिनका नेतृत्व बिसारत अली नामक रांघड़ कर रहा था। उसने आसपास के क्षेत्र हसनगढ़ आदि के सहजातीय रांघड़ युवाओं को संगठित कर लिया था। इसी क्रम में रोहतक के किले में बाबर खां रांघड़ के नेतृत्व में सेनानियों की एक सेना इकट्ठी हो गई थी। हालांकि, सभी के संगठित होकर दिल्ली स्थित अंग्रेज सेना पर पीछे से आक्रमण करने की उनकी योजना क्रियान्वित होने से पहले ही अंग्रेजों ने खरखौदा में अपनी सेना भेज दी। इस प्रकार बिसारत अली की सेना व हडसन अंग्रेज की सेना के मध्य 15 अगस्त 1857 को एक भीषण युद्ध हुआ। इसमें बिसारत अली सहित अनेक क्रान्तिकारी वीरगति को प्राप्त हुए तथा अंग्रेज सेना के भी काफी सैनिक हताहत हुए। हडसन अंग्रेज को विजयश्री मिली तथा 16 अगस्त को उसकी सेना रोहतक की ओर कूच कर गई। खरखौदा के युद्ध में चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ था, जिससे उस युद्ध की भीषणता का आभास होता है। हरियाणा क्षेत्र में लड़े गए युद्धों में वह प्रथम विक्टोरिया क्रॉस था। उसके बाद दो विक्टेरिया क्रॉस नारनौल की सराय में लड़े गए युद्ध में दिए गए थे। इसको कुछ लेखकों ने केवल नसीबपुर का युद्ध लिखा है, जबकि वास्तव में वह युद्ध हुस्ना वाला बाग नारनौल शहर व सराय बालमुकुन्द के अहाते में भी लड़ा गया था। सराय के समीप ही अंग्रेज कमान्डर जेरारड की गोली लगने से मृत्यु हुई थी। खरखौदा युद्ध के बाद 26-27 अगस्त को नजफगढ़ में भी एक भीषण युद्ध हुआ था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उपरोक्त युद्धों का वर्णन विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकों में शामिल नहीं किया गया, जबकि ऐतिहासिक 1857 के संग्राम को गदर के नाम से ज्यादा प्रचारित किया गया है। लेखक ने (हरियाणा के अज्ञात युद्ध) नामक अपनी पुस्तक में सभी मुद्दों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है।



सोनीपत जिले के खरखौदा करबे में 15 अगस्त 1857 को हुए भीषण युद्ध के दौरान अंग्रेज सेना से भिड़ते क्रान्तिकारी। (सांकेतिक चित्र)



**खरखौदा के युद्ध में चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ था, जिससे उस युद्ध की भीषणता का आभास होता है। हरियाणा क्षेत्र में लड़े गए युद्धों में वह प्रथम विक्टोरिया क्रॉस था।**

---

# प्रकृति का चितेरा कलाकार है अमन यादव

चित्रकार **डा. ओमप्रकाश कादयान**



जब हम बाग-बगीचों में जाते हैं तो एक से बढ़कर एक सुन्दर पेड़-पौधों, फूलों, पत्तों को देखकर आकर्षित होते हैं। यात्राओं पर जाते हैं तो पहाड़ों, जंगलों, वादियों, नदी, झरनों, झीलों, रंगीन पक्षियों को देखकर प्रफुल्लित हो जाते हैं। कुदरत का ये वो आकर्षण होता है जो सबको आकर्षित किए बिना नहीं रहता। आम आदमी ये नजारे देखकर आल्हादित हो जाता है तो एक छायाकार प्रकृति के उस सौन्दर्य को स्थाई बनाने के लिए अपने कैमरे में कैद कर लेता है। एक कवि-लेखक अपनी रचनाओं में शब्दों के माध्यम से ढालने की कोशिश करता है, तो एक कुशल चित्रकार रंगों व बुरश के माध्यम से कागज या कैनवास पर चित्रित करके प्रकृति की भांति दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

प्रकृति का चितेरा दक्ष कलाकार जब किसी भी सुंदर दृश्य को कैनवास पर बनाता है तो यथार्थ के साथ-साथ उसमें कल्पनाओं के भी रंग भरकर उसे अधिक मनोहारी बना देता है। प्रकृति की नकल करना इतना आसान नहीं है, किन्तु अनुभवी व रंगों से खेलने वाला कुशल चित्रकार ये कमाल कर देता है। हमारे ही बीच में कुछ कलाकार हैं जो चमत्कारी ढंग से प्रकृति के दिव्य दृश्यों को सजीव-से बना डालते हैं। ऐसे एक कलाकार का नाम है-अमन कुमार यादव।

रेवाड़ी जिले के मुण्डिया खेड़ा गांव में मोहनलाल यादव व सरदारी देवी के घर जन्मा अमन यादव आज कला क्षेत्र का उभरता नाम है। अमन को प्रकृति तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीणांचल से काफी लगाव है। यही कारण है कि इनके चित्रों के अधिकतर विषय भी यही हैं। युवा चित्रकार अमन के चित्रों में प्रकृति के विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं। बहुत से चित्रों में हरी घास के मैदान, लहलहाती फसलें, चहकती-आकर्षित करती सुंदर वादियां, सदाबहार जंगल, देवदार-चीड़ अन्य पहाड़ी दरखतों, झाड़ियों, जड़ी-बूटियों से लदे पहाड़, उससे ऊपर ग्लेशियरों से ढकी चोटियां, चोटियों पर मण्डराते, उमड़ते-घुमड़ते मेघों के समूह, कुछ चित्रों में रंगीन पेड़ों की कतारें, पहाड़ों के बोलते से लगते पत्थर, कहीं बरसात का भीगा मौसम, नभ-मण्डल पर उड़ते पंछियों की कतारें, संध्याकाल में सूर्य की लालिमा दृश्यों को देती स्वर्णिम आभा, सोने के रंग में तब्दील होते ग्लेशियर, ये सब दृश्य इनके चित्रों का हिस्सा हैं। अमन ने अपने चित्रों में हवा को गति, नदियों को वेग, झरनों को संगीत देने का प्रयास किया है। अमन के कुछ चित्रों में तो इतना आकर्षण भरा है कि स्वप्न-लोक-सा लगता है। चित्रकार ने भारतीय पक्षियों की सुंदरता भी कैनवास पर चित्रित की है। इनकी पेंटिंग दर्शकों से सीधा संवाद करती प्रतीत होती हैं। युवा चित्रकार अमन यादव को प्रकृति के साथ-साथ अपनी संस्कृति, गांव-देहात, जन-जीवन, खेत-क्यार, ग्रामीण रीति-रिवाजों से भी विशेष लगाव है। इन्होंने अपने चित्रों में पनघट परम्परा, कुएं-जोहड़, काम करती, पानी भरकर लाती महिलाएं, किसान की संघर्ष गाथा को भी स्थान दिया है। इसके साथ-साथ प्राचीन कलात्मक इमारतें, मंदिर, देवी-देवताओं के चित्र बनाए हैं। हरियाणा में चौपालें, तालाब, छतरियां, कुएं, हवेलियां, किले तथा यहां की लोककला समृद्ध रही है, ये इन्होंने चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया है। ये पोट्रोट भी सुंदर बना लेते हैं। कलाकार प्रकृति, संस्कृति के चितेरे के साथ-साथ संवेदनशील प्रवृत्ति के हैं। अमन वैसे तो हर तरह के रंगों को प्रयोग दक्षता पूर्वक कर लेते हैं, पर ये अक्रैलिक ऑयल रंगों का प्रयोग अधिक करते हैं। अमन से ये पूछने पर कि पेंटिंग की शुरूआत कैसे हुई? इसके जवाब में अमन ने बताया कि शुरुआती दौर में उन्होंने गुरु अजीत सिंह तथा प्रताप सिंह रंगीला से प्रेरित होकर सजावटी प्राकृतिक तरीके से ब्रुश चलाना सीखा। फिर मैंने खूब अभ्यास किया और अच्छी पेंटिंग बनती गई। 15 जनवरी 1979 को जन्मे अमन बीएफए की पढ़ाई करने के बाद पेंटिंग करने में जुट गए। इन्होंने गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए 1391.74 लम्बी पेंटिंग की। 9 मार्च 2019 को भिवानी में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 13-14 अप्रैल 2019 को रेवाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय कला कार्यशाला व रैंप शो में सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार जीता। एक सितम्बर 2016 में 'आरएएस रंग आर्टस' द्वारा आयोजित गांधी आर्ट गैलरी, नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी व सह प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 24 नवम्बर 2018 को रेवाड़ी में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान' प्राप्त किया।



### ये मिले पुरस्कार और सम्मान

अमन ने राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया। इन्हें अनेक जगह सम्मानित किया गया। गिनीज बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड पेंटिंग-पीपल आफ मेरठ में इनका नाम शामिल किया गया। इन्हें कला निधि पुरस्कार, शोभा सिंह पुरस्कार, यादव गौरव पुरस्कार, कला रत्न पुरस्कार तथा अचीवमेंट अवार्ड सहित कई सम्मान मिले।

## खबर संक्षेप

### ऑल हरियाणा स्टांप वेंडर एसो. की बैठक 22 को

**सीवन।** ऑल हरियाणा स्टांप वेंडर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक 22 मार्च को नरवाना स्थित श्री विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश भर से स्टांप विक्रेता भाग लेंगे और अपने हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी ऑल हरियाणा स्टांप वेंडर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने पत्रकारों को दी।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**कैथल।** महिला सुरक्षा व जन कल्याण ट्रस्ट की ओर से आत्मनिर्भर महिला अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट के संस्थापक आजाद सिंह, कोषाध्यक्ष ज्योति और एडवोकेट अमित रोहिल्ला ने शिरकत की। र्यक्रम के दौरान रेखा आर्य व निशा पांचाल मुख्य अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### दुकान के बाहर से बाइक चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव सोलू माजरा स्थित बस स्टैंड के पास एक टायर पंचर की दुकान के बाहर खड़ी मिस्त्री की बाइक चोरी हो गई। मामले में ढांड थाना पुलिस ने मिस्त्री की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव क्योड़क निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसकी सोलू माजरा में बस स्टैंड के पास टायर पंचर की दुकान है। 13 मार्च को दोपहर बाद करीब 3 से 4 बजे के बीच उसकी दुकान के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई।

### असंध से कुरुक्षेत्र के बीच नई बस सेवा होगी शुरू

**पूंडरी।** हल्का विधायक सतपाल जाम्बा के प्रयासों से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए असंध से कुरुक्षेत्र के बीच नई बस सेवा आगामी 17मार्च मंगलवार से प्रारंभ की जा रही है। यह बस पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरेगी, जिनमें गांव बाकल, रमाना, हजवाना, बरसाना, खेड़ी सिकंदर, जाम्बा, मोहना, पुण्डरी, म्योली, फ़रल, चूहड़माजरा, ढांड और पबनावा गांव शामिल हैं।

### घर में घुसकर महिला को गंडासी से किया घायल

**कैथल।** पूंडरी के गांव सिरसल में घर में घुसकर महिला पर गंडासी से हमला कर दिया। हमले के बाद महिला घायल हो गई और उसका करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दी गई शिकायत में गांव सिरसल निवासी नीलम ने बताया कि 9 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने घर के कमरे में खाना बना रही थी।

### सड़क हादसे में मदद करने पर मिलेंगे 25 हजार

**कैथल।** ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को जागरूकता अभियान चला शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल ने बताया कि कार्यक्रम में वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरस्पीड से बचने और मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने की हिदायत दी गई।

### गहने व एक लाख लेकर युवती घर से लापता

**कैथल।** जिले के तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव से साल की युवती सोने व चांदी के गहने और एक लाख रुपए नकद लेकर घर से संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गई। मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी घर पर ही रहती थी। 13 मार्च की रात करीब 12 बजे वह बिना किसी को बताए घर से निकल गई।

---

### कांशी राम के जन्म दिवस पर से दिया जागृति का संदेश

# हरियाणा की पहली शहीद कैप्टन बेटी पूनम बालू की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। गांव बढ़सीकरी कलां में रक्तदाता को बैज लगाते मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि। फोटो : हरिभूमि

बहुजन समाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बढ़सीकरी कलां गांव में शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. बी.आर अंबेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां के सहयोग से आयोजित शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़सीकरी कला में शिविर लगाया गया। बहुजन नायक साहब काशीराम के 92 वे जन्मदिन व हरियाणा की पहली शहीद कैप्टन पूनम रानी बालू की याद में छठा रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता की जिम्मेवारी बसवा बसवा टीम के संस्थापक रोहतास मेहरा व समाजसेवी गुरदेव बढ़सीकरी ने संभाली। इस दौरान बालू भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, पूर्व पार्षद रणबीर धानियां, विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, सरपंच अमृत पाल विर्क, पूर्व सरपंच सीता राम ढूल, गुरमेल सिंह, फौजी कृष्ण धानियां, डा.बी.आर अंबेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां प्रधान प्रवीन राठी, एडवोकेट बलबीर सिंह रंगा, बसवा प्रदेश प्रभारी अमित बेलरखा व अन्य गणमान्य लोगों ने रक्तदाओं को बैज लगाकर उत्साह बढ़ाया। साथ ही प्रमाण पत्र देने व स्मृति चिन्ह से सम्मानित करने की परंपरा का निर्वहन हुआ। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि साहब कांशी राम संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने निजी हितों की बजाए लोकतंत्र की मजबूती के लिए कड़ा संघर्ष किया। इसके साथ ही शहीद कैप्टन पूनम रानी हरियाणा की पहली शहिद कैप्टन हैं जों देश सेवा का प्रमाण पेश किया वह हर किसी के लिए प्रेरणा दायक है। हरियाणा सरकार से शहीद कैप्टन पूनम रानी की याद में सरकारी कालेज खोलने की मांग पुरजोर ढंग से शिविर में उठी।

#### युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर समाजसेवा की

*रोहतास मेहरा ने कहा कि रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। बसवा का लक्ष्य हर स्तर पर जागृति लाते हुए व्यवस्था को मजबूती देना है। इस दिशा में 36 बिरादरी का साथ संगठन को निरंतर मिल रहा है। सरपंच नरेंद्र जुलानी खेड़ा ने कहा कि युवा मंच बडसीकरी कलां की टीम हमेशा तन, मन व धन से शिक्षा एवं समाजसेवा के लिए अग्रसर है। इसी तरह बसवा टीम द्वारा प्रदेश भर में जिस जिम्मेवारी से काम किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। सरपंच अमृत पाल सिंह विर्क ने कहा कि बसवा टीम ने हमेशा समाज हित में काम किए हैं जिसका उदाहरण डा. बी.आर अंबेडकर पुस्तकालय है। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में युवा महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर नियुक्ति पा चुके हैं। युवा मंच संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता गुरूदेव बढ़सीकरी ने कहा कि बसवा शिक्षा पर जोर देकर समाज में शिक्षा की अलख जगाई जा रही है। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान करके देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया।*

#### काशीराम जयंती पर किया रक्तदान

संगठन प्रभारी कुलदीप धानिया व प्रधान प्रवीन राठी ने कहा कि 15 मार्च को बहुजन नायक साहब काशीराम का जन्मदिन देश भर में मनाया जाता है। उन्होंने समाज को जागरूक करने के लिए दिन-रात मेहनत करके गरीब लोगों को राजनैतिक के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिषेक धानियां, युवा समाज सेवी अमित शर्मा, अंकित धानियां, अशोक कुमार, प्रदीप सौगल, विनोद कुमार, सोनू सरदार प्रगट सिंह वैडच, मोनू, मनीष कश्यप, राममेहर शर्मा, विक्रम लोन, सुखविंदर धानियां, इमरत धानियां व दूसरे सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांव बढ़सीकरी कलां व बढ़सीकरी खुर्द गांव के लोग निरंतर रक्तदान शिविर की सफलता को लेकर सजग रहे। इसके साथ ही पास पड़ोस के गांव को आयोजन में शिरकत के लिए न्यौता दिया गया था। इस तरह क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग एक मंच पर एकत्रित होकर समाज सेवा के प्रति सजगता की अलख जगाते नजर आए।

---


कैथल। जत्थे को संबोधित करते माकपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# माकपा के जत्थे ने किया गांवों में जनसंपर्क अभियान

**दिल्ली कूच करने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली 'जन आक्रोश रैली' की तैयारियों में निकाला जा रहा जत्थे ने आज कैथल शहर की हनुमान वाटिका, सीवन तहसील के पोलड, गुहला चीका के रामनगर भूना व चीका शहर के ताऊ देवीलाल पार्क में पहुंचा।

माकपा के इस जत्थे का ग्रामीणों और स्थानीय नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस जन आक्रोश जत्थे का नेतृत्व सीपीआई (एम) राज्य सचिव कॉमरेड प्रेमचंद, वरिष्ठ नेत्री डॉ जगमति सांगवान, सीटू राष्ट्रीय सचिव उषा रानी ने नेतृत्व किया।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर कैथल माकपा जिला के पूर्व सचिव व किसान नेता कामरेड करतार सिंह, जसबीर सिंह, जय प्रकाश, अमृत लाल,सुरेंद्र पोलड, धर्मपाल भूना, रामकली जांगड़ा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

#### सरकार की नीतियों से देश के कृषि और डेयरी उत्पाद पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे: सांगवान

जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद, डॉ जगमति सांगवान और उषा रानी ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार किसान-मजदूर की रोजी-रोटी पर हमला कर रही है। भारत सरकार ने यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ किए मुक्त व्यापार समझौता किया है। इससे देश के कृषि और डेयरी उत्पाद पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। इसके अलावा बिजली संशोधन बिल लाकर बिजली निजी कंपनियों को देने जा रही है। लेबर कोड्स के जरिए मजदूरों को गुलाम बनाने की तैयारी कर रही है। मनरेगा को बदल कर मजदूरों से 100 दिन रोजगार का अधिकार छीन कर इसे स्कीम बना दिया है। महिलाओं पर अपराध बढ़ रहे हैं। एक तरफ मजदुर, किसान, मज़दूरों, महिलाओं, कर्मचारियों, व्यापारियो पर हमले बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर जनता को धर्म और जाति के नाम पर बांटने की साजिश रची जा रही है।

---

# भाजपा राजनीतिक दल नहीं, बल्कि वैचारिक आंदोलन : कृष्ण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी करोड़ा मंडल के अंतर्गत गांव बाकल में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे और उन्होंने "वैचारिक अधिष्ठान" विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने संबोधन में कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है, जो राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की भावना के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा का मूल आधार पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास की बात करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और भारतीय जनता पार्टी की सफलता का आधार भी उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति, सिद्धांत और कार्यशैली के बारे में गहराई से जानकारी मिल सके, ताकि वे संगठन को और अधिक मजबूत बना सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे राजेश काजल और सुरेश जागलान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।


पूंडरी। भाजपा के प्रशिक्षण अभियान में अपने विचार रखते चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी।

---

# कलायत के गांव बालू में सम्मेलन का निमंत्रण देने पहुंचे इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। गांव बालू में ग्रामीणों के बीच मौजूद इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा।

इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर नरवाना में आयोजित होने वाला इनेलो विशाल युवा सम्मेलन प्रदेश में एक नया अध्याय साबित होगा। यह सम्मेलन हर स्तर पर राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा देने का काम करेगा। रामपाल माजरा कलायत के गांव बालू में ग्रामीणों को सम्मेलन का निमंत्रण देने पहुंचे थे। रामपाल माजरा ने कहा कि प्रदेश का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। रोजगार के अभाव में मजबूरीवश डंकी रूट के माध्यम से युवाओं को विदेश जाना पड़ रहा है। प्रदेश में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही। आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही। सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण युवा निराश और असुरक्षा के माहौल में जिंदगी जी रहा है। रामपाल माजरा ने कहा कि इसके साथ ही सरकार किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। किसानों के हक और अधिकारों की लड़ाई हमेशा इनेलो ने मजबूती से लड़ी है। इसी सोच को लेकर इनेलो मजबूती से किसानों के साथ है। अभय सिंह चौटाला ने किसान आंदोलन के समर्थन में अपने विधायक पद से इस्तीफा देकर इसका प्रमाण पेश कर चुके हैं। जब भाजपा सरकार ने बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बंद करने का प्रयास किया था तब-जब इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने इसके खिलाफ प्रदेशभर में जोरदार आवाज उठाई।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से कैथल जिला प्रभारी सुमित्रा देवी विधानसभा प्रभारी एवं जिला संयोजक मोनी बालू, इनेलो हलका प्रधान रोहित कुंडू, युवा हलका प्रधान काला न्यौढा, किसान सेल के जिला प्रधान सलिंदर प्रताप राणा, राजा राम माजरा, सोनू वर्मा, शमशेर कुराड़, रणबीर फौजी, रामफल कोटड़ा, सन्नी चौशाला, जसमेर तितरम, रश्मि ढूल, बलकार नैन, कुलदीप रामगढ़, दर्शन चौशाला, ओमप्रकाश ढांडा, बारू राम कैलरम, अजमेर सौंगरी, सुबा जखौली, सुनील बाता, सतपाल बालू, करतार बालू, मेहर दांढी माजरा, कृष्ण नंबरदार, जंगा राम वाल्मीकि, अमरदीप रापड़िया, बिरजा राम व बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# ट्यूबवेलों से तार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने ट्यूबवेलों से बिजली की तार चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिलनी निवासी सोमदत्त ने शिकायत दी थी कि 2 मार्च की रात को अज्ञात चोर उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर ट्यूबवेल से करीब 70 फीट बिजली की तार चोरी कर ले गए।

जांच के दौरान आसपास के खेतों में लगे ट्यूबवेलों से भी तार चोरी होना पाया गया। कुल मिलाकर करीब 370 फीट बिजली की तार चोरी की गई थी। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की टीम ने आरोपी सोनू निवासी खनौरी रोड कैथल और लाखन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान 7 किलो 30 ग्राम तांबा तार और 10 किलो 390 ग्राम कटी हुई रबड़ बरामद की गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।



---

# सीवन अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान बने अमरेंद्र सिंह खारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन अनाज मंडी में आढ़तियों की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व चेयरमैन तथा अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अमरेंद्र सिंह खारा को सीवन अनाज मंडी एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया गया। बैठक में उपस्थित आढ़तियों ने उनके नाम का समर्थन करते हुए उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपी। इस संबंध में जानकारी देते हुए निवर्तमान प्रधान विनोद बंसल, पूर्व प्रधान रामपाल बंसल तथा वरिष्ठ सदस्य श्रवण सरदाना व संगीत बंसल ने बताया कि अमरेंद्र सिंह खारा लंबे समय से मंडी के कार्यों से जुड़े हुए हैं और आढ़तियों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व को देखते हुए सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें प्रधान चुना है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी एसोसिएशन के गठन के बाद यह चौथी बार है जब अमरेंद्र सिंह खारा को प्रधान बनने का अवसर मिला है। बैठक में उन्हें नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी दिया गया है।


सीवन। अनाज मंडी में नवनिर्वाचित प्रधान अमरेंद्र सिंह खारा आढ़तियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार गर्ग, पूर्व सरपंच राजकुमार शर्मा, सुधीर मिड्ढा, विवेक गोयल, इंद्र मोहन रहेजा, कृष्ण बंसल, कवंर भान फौजी व जितेंद्र सरदाना सहित अन्य आढ़ती उपस्थित रहे।

---

# ट्यूबवेल फिटिंग का सामान चोरी करने वाले दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस की सीआईए-1 पुलिस टीम ने फैक्टरी में सेंधमारी कर सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खनौरी रोड अर्जुन नगर निवासी परमजीत ने शिकायत दी थी कि शेरगढ़ रोड स्थित उनकी न्यू रामा फाउंडरी फैक्टरी में ट्यूबवेल फिटिंग का सामान रखा हुआ था। फैक्टरी बंद होने के कारण वह वहां ताला लगाकर रखते थे। 9 मार्च को जब वह फैक्टरी पहुंचे तो देखा कि चोरों ने फैक्टरी की साइड की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 50 किलोग्राम लोहे का सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में बैंड, कलच, वाल्व, निप्पल, पुली व दुरमच शामिल थे। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की टीम ने करते हुए आरोपी संजू निवासी गांव पाई हाल प्योदा रोड कैथल और वीरपाल उर्फ मनु निवासी प्योदा रोड कैथल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया गया।




---

#### सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने अभियान किया शुरू

**कैथल।** आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने अभियान की शुरुआत की। अभियान की शुरुआत राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी सिकंदर में गांव के मौजिज लोगों व विद्यालय स्टाफ की संयुक्त बैठक से की गई। बैठक की अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि गुरबचन सिंह ने की। जबकि संचालन जन संघर्ष मंच के राज्य प्रधान व ग्रामवासी कामरेड फूल सिंह ने किया। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया और लछमन शास्त्री मौजूद रहे। बैठक में स्कूल में घट रही छात्र संख्या पर चिंता जताते हुए आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए गांव स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें गुरबचन सिंह को प्रधान बनाया गया। जबकि चंचल सिंह, मास्टर जिले सिंह, नरेश कुमार, पूर्व सरपंच दिनेश चंद, जयपाल सिंह, कामरेड फूल सिंह, मास्टर खुशी राम, देवेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, सुभाष चंद, पूर्व सरपंच संजीव कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सतपाल, संजीव नंबरदार व पंच अमन कुमार को सदस्य बनाया गया। कमेटी की अगली बैठक 20 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसके बाद पूरे गांव के मौजिज लोगों की विस्तारित बैठक कर नामांकन बढ़ाने को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों का ढांचा हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन और संसाधन देकर तैयार किया था, ताकि आने वाली पीढ़ियां यहां शिक्षा प्राप्त कर बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की दिखावटी चमक-दमक के कारण अभिभावक बच्चों को वहां भेज रहे हैं। जबकि सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि संगठन पहले भी ऐसे अभियान चलाकर अभिभावकों से संपर्क कर सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने में योगदान देता रहा है और इस बार भी शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

---

### फ्रैक्चर के बावजूद लोगों से मिलना-जुलना जारी रखे हुए हैं मंत्री अनिल विज

# प्रेमपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने अंबाला पहुंचकर मंत्री अनिल विज का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट करते प्रेमपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह।

गांव प्रेमपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने रविवार को अंबाला पहुंचकर हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सतनाम सिंह ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जानकारी के अनुसार हाल ही में मंत्री अनिल विज अपने अंबाला स्थित आवास पर बाथरूम में फिसल गए थे, जिसके कारण उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लगभग तीन सप्ताह से एक महीने तक पूर्ण बेड रेस्ट करने की सलाह दी है। फिलहाल मंत्री अपने अंबाला स्थित आवास पर ही आराम कर रहे हैं और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

फ्रैक्चर के बावजूद मंत्री अनिल विज लोगों से मिलना-जुलना जारी रखे हुए हैं। वे अपने आवास पर ही लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। इसी क्रम में गांव प्रेमपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह भी उनसे मिलने अंबाला पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मुलाकात के दौरान सतनाम सिंह ने कहा कि अनिल विज प्रदेश के एक कर्मठ और जनप्रिय नेता हैं, जो हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें मंत्री के चोटिल होने की जानकारी मिली, वे उनका हालचाल जानने के लिए अंबाला पहुंच गए।

## खबर संक्षेप

### छात्र हितों पर कल होगा वीसी कार्यालय का घेराव

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में छात्र हितों को लेकर एनएसयूआई द्वारा आंदोलन तेज किया जा रहा है। सीआरएसयू में एनएसयूआई के अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री 17 मार्च को सीआरएसयू जींद पहुंचेंगे और छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर वीसी कार्यालय का घेराव करेंगे।

### युवती व महिला संदिग्ध हालात में लापता, केस दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती व महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी बिंद्रपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी भतीजी घर से गायब हो गई। वहीं मोहनगढ़ निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। परिवारों ने युवती तथा महिला को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### स्वच्छता का पर्यावरण में बहुत महत्व : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार को महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 457वां अभियान था। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में स्वच्छता का बहुत महत्व है। सभी आदमी जहां कहीं भी हो स्वच्छता रखें हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालें।

### काली शिव मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन 17 को

**नरवाना।** नरवाना के धरौदी रोड पर स्थित मां काली शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव पर आगामी 17 मार्च को एक भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी रोशन लाल वेद पाठी ने बताया कि मां दुर्गा की असीम कृपा से यहां सात दिवसीय त्रिकुंडी श्री दुर्गा चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नरवाना क्षेत्र के हजारों लोगों की आने की उम्मीद है। यह महायज्ञ 17 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगा।

### जेसीआई इंडिया वाइस प्रेसिडेंट का प्रथम दौरा

**जींद।** युवा नेतृत्व और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था जेसीआई इंडिया के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट जेएफएस ए मणिकंदन ने जोन 10 के अंतर्गत जेसीआई जींद, जेसीआई जींद सेंट्रल व जेसीआई जींद इंडस द्वारा आयोजित अपने प्रथम आधिकारिक दौरे के दौरान इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय सदस्यों और पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहें आमजनः डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉलए संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ सांझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें।

### नपा परिसर में आयोजित हुई एरिया सभा

**उचाना।** नगर पालिका उचाना द्वारा वार्ड स्तर पर एरिया सभा की बैठकों का सफल आयोजन किया। बैठकों का मुख्य उद्देश्य वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करना था। नपा सचिव अशोक डांगी के कुशल पर्यवेक्षण में आयोजित इन बैठकों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एरिया सभा संख्या 1, 6, 10, 11, 12 और 13 में निर्धारित 10 प्रतिशत मतदाताओं की उपस्थिति का अनिवार्य कोरम पूरा किया।

---

### गैस सिलेंडर लेने के लिए लगाई जा रही सिफारिशें व जुगत

# भविष्य की चिंता उपभोक्ताओं को खींच ला रही गैस एजेंसियों तक

*एजेंसियों पर लगातार बढ़ रही भीड़ खोल रही प्रशासन के दावों की पोल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए 15 दिन की बजाए 25 दिन का समय किए जाने व युद्ध के चलते भविष्य में गैस सिलेंडर की किल्लत का भय उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों की तरफ खींच रहा है। जिन लोगों ने कभी गैस एजेंसी का मुंह तक नही देखा था वो भी घंटों गैस एजेंसियों के बाहर खड़े होकर एक गैस सिलेंडर के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। गैस सिलेंडर लेने के लिए सिफारिशें, जुगत तक लगाई जा रही हैं। प्रशासन लाख गैस सिलेंडरों की कोई कमी न होने के दावे कर रहा हो लेकिन जिले की गैस एजेंसियों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। हालात यह हैं कि कई एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें सड़क तक पहुंचने लगी हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। पहले जहां उपभोक्ताओं को कम समय में सिलेंडर मिल जाता था, वहीं अब बुकिंग करवाने और सिलेंडर लेने के लिए लोगों को घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ रहा है।

**युद्ध व 25 दिन बाद बुकिंग के चलते उपभोक्ताओं में बढ़ी गैस सिलेंडर लेने की होड़**


जींद। गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

#### एडवांस में करवा रहे सिलेंडर बुक

इस समय परिवारों को यह डर सता रहा है कि यदि सिलेंडर खत्म हो गया तो नया सिलेंडर मिलने में देरी हो सकती है। इसी कारण लोग पहले से ही एजेंसियों पर पहुंच कर बुकिंग और सिलेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। अगर इसी तरह उपभोक्ताओं की सिलेंडर को लेकर पैनिक बढ़ती रही और प्रशासन कुछ नही कर पाया तो डिमांड बढने से गैस सप्लाई की कमी भी आ जाएगी। इस समय कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बंद होने के बाद उपभोक्ताओं में भय है कि घरेलू गैस सप्लाई बंद होगी और इससे गैस नहीं मिलेगी।

#### गैस सप्लाई पूरी तरह सुचारू : राजेश आर्य

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डीएफएससी राजेश कुमार आर्य ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे कंपनी के नियमों के अनुसार गैस सिलेंडर बुक करवाएं।

#### हेल्पलाइन नंबर न मिलना बढ़ा रहा लोगों की परेशानी

गैस एजेंसियों के बुकिंग नंबर न मिलने के कारण भी उपभोक्ता पैनिक हो रहे हैं। कंपनी कर्मियों का कहना है कि सर्वर पर अधिक भार होने के कारण बुकिंग में परेशानी आती है। दुकानदारों का तो काम कमर्शियल सिलेंडर पर निर्भर करता है।


उचाना। भाजपा नेत्री सुषमा अत्री का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गैस सिलेंडर पर विपक्ष कर रहा राजनीतिः सुषमा अत्री

**उचाना।** उचाना के रजबाहा रोड पर भीष्म शर्मा, राजू शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सुषमा अत्री पहुंची। मुख्य रूप से ब्राह्मण चौबीसी प्रधान उचाना अनिल शर्मा, समाज सेवी वीरेंद्र करसिंधु भी पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। सुषमा अत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की किसी तरह की किल्लत नहीं है। विपक्ष जानबूझ कर राजनीति कर रहा है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। रसोई गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है। जो नियम गैस सिलेंडर देने का है उसके अनुरूप गैस सिलेंडर मिल रहे है। किसी तरह की कालाबाजारी न हो इसको लेकर प्रशासन भी पूरी नजर रखे हुआ है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर के नाम पर विपक्ष जानबूझ कर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में महिलाओं के हित में अनेकों कार्य किए।

---

## 19 मार्च से शुरू होगे मां के भक्तों के लिए चैत्र नवरात्र

- श्रद्धालुओं को घट स्थापना के लिए मिलेंगे दो मुहुर्त
- मंदिर परिसरों में शुरू हुआ सफाई व साज सज्जा का कार्य
- इस बार मां दुर्गा पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी : नवीन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि से इस बार 19 मार्च से नवरात्र शुरू होने जा रहे हैं। हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से हिंदू नव वर्ष का आरंभ होता है। श्रद्धालु नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु माता दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की नौ दिनों तक पूजा अर्चना करते हैं और फिर कंजक पूजन कर अपना व्रत खोलते हैं। इस बार चैत्र नवरात्र श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास रहने वाले हैं। श्रद्धालु नवनात्र पर्व की तैयारियों को लेकर जुटे हैं। फिर मंदिर परिसरों में मंदिरों की सफाई व साज-सज्जा का कार्य किया जा रहा है। चैत्र नवरात्र में इस बार घटस्थापना के लिए दो सर्वश्रेष्ठ शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरु होगा और सुबह 7 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। जबकि श्रद्धालुओं को दूसरा मुहूर्त दोपहर में बन रहा है। जो 12 बजकर 05 मिनट से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है, जो कलश स्थापना के लिए शुभ है। अगर श्रद्धालु सुबह पूजा अर्चना नहीं कर पाए तो अभिजीत मुहूर्त में पूजा अर्चना कर सकते हैं। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में सफाई कार्य शुरू हो गया है।

#### नवरात्र के दिन

- 19 मार्च नवरात्र दिन 1:- अमावस्या, प्रतिपदा मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना
- 20 मार्च नवरात्र दिन 2 :- मां ब्रह्मचारिणी पूजा
- 21 मार्च नवरात्र दिन 3 :- मां चंद्रघंटा पूजा
- 22 मार्च नवरात्र दिन 4 :- मां कुष्मांडा पूजा
- 23 मार्च नवरात्र दिन 5 :- मां स्कंदमाता पूजा
- 24 मार्च नवरात्र दिन 6 :- मां कात्यायनी पूजा
- 25 मार्च नवरात्र दिन 7 :- मां कालरात्रि पूजा
- 26 मार्च नवरात्र दिन 8 :- मां महागौरी पूजा ( इसी दिन कन्या पूजन और अष्टमी होगी।
- 27 मार्च नवरात्रि दिन 9 :- मां सिद्धिदात्री पूजा

#### पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गाः नवीन



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र वीरवार से शुरू होने के कारण माता दुर्गा पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी। जिसे बदलाव का संकेत माना जाता है। शुभ योग के साथ इस वर्ष 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होगा। नवरात्र के इन दिनों में मां दुर्गा अपनी विशेष कृपा भक्तों पर बरसाती हैं और साधक के दुखों का निवारण कर सुख, सौभाग्य को बढ़ाती हैं। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की भव्य पूजा के साथ-साथ भजन, कीर्तन व पाठ का शुभ आयोजन भी किया जाता है। मां दुर्गा अपने भक्तों पर अपनी कृपा सदैव बरसाती हैं। उनकी कृपा से व्रती की मनोकामना पूरी होती है।


---

## सुंदरपुर की सरपंच को किया सम्मानित

- पेयजल संरक्षण व आपूर्ति में महिलाओं का कार्य सराहनीय : विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता विक्रम सिंह मोर ने कहा कि जल जीवन मिशन में पेयजल आपूर्ति व अपने स्तर पर पेयजल जांच का कार्य सराहनीय है। उन्होंने अभियान के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दिल्ली में सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायत सुंदरपुर की महिला सरपंच आरती देवी व ब्लॉक जींद के बरसाना गांव से स्वयं सहायता समूह की सदस्य निशा देवी के सम्मानित होने पर शुभकामनाएं देने के अवसर पर कही।


जींद। सम्मानित होते हुए सरपंच। फोटो : हरिभूमि

#### गांव में घर-घर पहुंचाया पानी

रणधीर मताना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से सम्मानित होने वाले सभी 15 सदस्यों को जल जीवन मिशन हरियाणा के मिशन डायरेक्टर राजीव बातिश ने बधाई दी। रणधीर मताना ने बताया कि महिला सरपंच ने अपने गांव में पेयजल आपूर्ति में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए समय-समय पर ग्राम सभा का आयोजन, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक, पंप ऑपरेट की ट्रेनिंग, गांव में डोर टू डोर विजिट करके यह घर तक पानी पहुंचवाया।

## उपभोक्ता अधिकार दिवस पर हुआ कार्यक्रम

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत व पहला कदम फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से किया आयोजन
- साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक बनें : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और पहला कदम फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन के स्थानीय कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देना था। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि आज के डिजिटल युग में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा केवल कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि डिजिटल सुरक्षा और साइबर जागरूकता भी इसका अहम हिस्सा बन चुकी है।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### साइबर ठगी

राजेश वशिष्ठ ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि हाल के दिनों में एक नई और खतरनाक साइबर ठगी की तकनीक सामने आई है, जिसे कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम कहा जाता है। यह स्कैम मोबाइल फोन, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और व्यक्तिगत पहचान से सीधे जुड़ा हुआ है। साइबर अपराधी खुद को किसी नामी कूरियर या डिलीवरी कंपनी का एजेंट बता कर लोगों को कॉल करते हैं। वे पार्सल कन्फर्म करने, डिलीवरी री-शेड्यूल करने या पते की पुष्टि के बहाने भरोसा जीतते हैं और फिर पीड़ित से एक विशेष यू एस एस डी कोड (जैसे *21, *61, *67 या *401 से शुरू होने वाले) डायल करवाते हैं।

---

## गुरुकुल विद्यापीठ उत्सव में 320 छात्र सम्मानित


जींद। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले बच्चे अतिथियों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गुरुकुल विद्यापीठ द्वारा आयोजित गुरुकुल उत्सव कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों, पदक विजेता खिलाड़ियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 320 छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार देना गुरुकुल विद्यापीठ की सबसे बड़ी विशेषता है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्थान के अध्यक्ष राजेश स्वरूप महाराज ने गुरुकुल की 20 वर्षों की यात्राए उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को सांझा किया।

## प्रगट दिवस पर हुआ अखंड जाप

- श्रद्धालुओं ने सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण के लिए अखंड जाप किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नई अनाज मंडी के सामने कला धाम में ऋषि सुखदेव महाराज के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय महान कलाधारी प्रकट महोत्सव व सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण के लिए अखंड जाप किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने खूब नाच व झूम कर प्रगट दिवस की खुशियों को मनाया। ऋषि सुखदेव महाराज ने सभी प्रभु प्रेमियों को दिव्य प्रवचनों व आनंदमयी भजनों की ज्ञान अमृत वर्षा से मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि पूर्ण पारब्रह्म सतगुरू के ऊपर सच्ची श्रद्धा, अटूट निश्चय ही शिष्य को आनंद की प्राप्ति करवाते हैं। पूर्ण पारब्रह्म सतगुरु से प्राप्त सत्य, गूढ़ ज्ञान द्वारा धर्म के सही मार्ग पर चल कर परोपकार करने से ही परमपिता प्रभु भगवान जी की प्राप्ति संभव है।


जींद। अखंड जाप के दौरान झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### जीवन का मूल कर्तव्य लोगों की भलाई

ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि यह मानव जीवन भगवान ने स्वार्थ के लिए नही बल्कि सभी मनुष्यों की भलाई और परोपकार के लिए दिया है। इसलिए सभी मनुष्यों को सत्य के संग द्वारा परमपिता प्रभु भगवान से जुड़ कर सारे विश्व में ही प्रभु प्रेम, आनंद और खुशियों को बांट कर परोपकारी होना चाहिए। भगवान परोपकारी को अपने सच्चे प्रेम, वास्तविक आनंद से मालोमाल बना देते हैं।

## कांग्रेस को नहीं विधायकों पर भरोसा : रामपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में इनेलो की हलकास्तरीय मीटिंग हुई। अध्यक्षता हलकाध्यक्ष समरजीत उर्फ बिल्लू पेगां ने की। नरवाना में 23 मार्च को होने वाले इनेलो के प्रदेशस्तरीय युवा सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। पत्रकार वार्ता में माजरा ने कहा कि 23 मार्च को नरवाना में इनेलो ऐतिहासिक रैली कर शहीदों को नमन करेंगे। शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव ने हंसते-हंसते देश की आजादी के लिए उन्हें देश याद रखता है हम उनके ऋणी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आज अपने विधायकों पर कोई विश्वास नहीं है। हिमाचाल में उन्हें शिमला, कुफरी लेकर गए है।

**कहा : राज्यसभा चुनाव में भाजपा पार्टी की मंशा बड़ा खेला करने की**


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा।

---

### दुड़ाना में बेटी के जन्म पर हुआ कुआं पूजन

**जींद।** गांव दुड़ाना में बंटी के घर में बेटी पैदा होने पर कु आं पूजन करवाया गया। बंटी ने कहा कि उससे बहुत खुशी है कि उनके घर पत्नी काजल ने बेटी को जन्म दिया है। आज लड़का-लड़की में कोई फर्क नहीं है। फर्क केवल सोच का है। आज किसी भी क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं है। वह लड़की की परवरिश लड़कों से बेहतर करेगें। लड़की माता-पिता की सेवा लड़कों से बेहतर करती है। एएनएम राजवंती ने बताया कि बेटी के पैदा होने पर गांव दुड़ाना में कुआं पूजन करके खुशी मनाई गई। वह काबिले तारिफ है। उन्होंने साबित कर दिया है कि आज लड़का-लड़की में कोई अंतर नहीं है। पूरा गांव लड़की पैदा होने पर खुशी मनाता है। ग्रामीण दूसरे गांव के लोगों को कन्या भूरण हत्या के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

**परीक्षा** | उल्लास कार्यक्रम के तहत जिले भर में करवाई गई परीक्षाए

# 85 साल के बुजुर्ग ने उल्लास की परीक्षा देकर जगाई शिक्षा की लौ, घूंघट में परीक्षा देने पहुंची ग्रामीण महिलाएं

- जिलेभर में 128 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4019 लोगों ने साक्षर होने के लिए दी परीक्षा

नरेश पंवार ⏭ कैथल

कहते हैं कि पढने की कोई आयु नहीं होती। ऐसा ही कुछ रविवार को कैथल में देखने को मिला जब शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक परीक्षा में 85 साल के बुजुर्ग ने परीक्षा दी। इसमें सबसे कम आयु का युवा 24 वर्षीय था। यह परीक्षा शिक्षा विभाग द्वारा उल्लास कार्यक्रम के तहत करवाई गई थी। परीक्षा के दौरान ग्रामीण महिलाएं घूंघट में परीक्षा करते नजर आई। बता दें कि इस परीक्षा के लिए जिले भर में 128 परीक्षा केंद्रों बनाए गए थे जिन पर कुल 4019 लोगों ने साक्षर होने के लिए परीक्षा दी। इसमें 2891 महिलाएं व 1125 पुरुष शामिल हुए। परीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा सुरक्षा के तहत भी कड़े प्रबंध किए थे। वहीं, डीईओ सुभाष कुमार ने भी विभिन्न केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस परीक्षा के लिए जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया था।


कैथल। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार परीक्षा का अवलोकन करते हुए।

#### शांतिपूर्ण हुई परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि जिले में उल्लास कार्यक्रम के तहत परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से करवाई गई। इसमें 85 साल के बुजुर्ग ने परीक्षा देकर शिक्षा की लौ जगाने का काम किया। इसके अलावा महिलाओं व युवाओं ने भी भाग लिया।

#### मिले प्रमाण पत्र

इस कार्यक्रम के तहत जिलों में निर्धारित सरकारी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा आयोजित की जाती है और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद सफल प्रतिभागियों को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है।

#### 15 साल से अधिक आयु के निरक्षर लोगों के लिए उल्लास कार्यक्रम

उल्लास कार्यक्रम 15 साल से अधिक आयु के निरक्षर लोगों के लिए है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे लोगों को साक्षर बनाना है जो किसी कारणवश पढ़ाई से वंचित रह गए थे। कार्यक्रम के तहत 15 साल या उससे अधिक आयु के ऐसे व्यक्तियों को पढ़ना-लिखना और गिनती सिखाई जाती है, जो अब तक बुनियादी शिक्षा से दूर रहे हैं। उल्लास परीक्षा में मुख्य रूप से पढ़ना, लिखना और बुनियादी गणित से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं।